Sixteenth Loksabha

an>

Title: Regarding problems being faced by farmers due to low market price of their produce.

श्री धर्मवीर (भिवानी-महेन्द्रगढ़) : मैडम, आजकल मौसमी सब्जियां, चाहे वह दिल्ली में हों या मुंबई में हों, 50 रुपये किलो से कम कहीं भी प्याज़, आलू और टमाटर नहीं मिलता है।ठीक चालीस दिन पहले यही टमाटर मेरे एरिया में एक रुपया किलो पर न सरकार ने खरीदा और न ही किसी दूसरे आदमी ने खरीदा। मैं आपके माध्यम से सरकार से प्रार्थना करना चाहता हूं कि इसके लिए कोल्ड स्टोरेज बनाए जाएं, चाहें इसके अधिकारी केंद्र के हों या प्रांत के हों। हम बहुत सालों से देख रहे हैं कि इसका केवल जिक्र आता है, लेकिन कोल्ड स्टोरेज न बनाने की वजह से जो सब्जियां एक रुपये किलो के समय सड़कों पर फेंकते हैं, वही सब्जियां आज 50, 60 और 70 रुपये किलो तक बिकती हैं।

मैं आपके माध्यम से कहना चाहता हूं कि सरकार इसके लिए प्रबंध करे वर्ना इसी टमाटर, प्याज के इसी भाव की वजह से तो कई बार सरकारें भी बदल जाती हैं। इसी प्रकार मिनिमम सपोर्ट प्राइस पर सरसों की खरीद हुई। इसमें मात्र 18 परसेंट सरसों मिनिमम सपोर्ट प्राइस पर खरीदी गई। मिनिमम सपोर्ट प्राइस पर के हिसाब से आगे आने वाली फसल, चाहे वह बाजरा हो, ग्वार हो या कपास हो, उसका दाना-दाना खरीदा जाए। धन्यवाद।

माननीय अध्यक्ष:

कुँवर पुष्पेन्द्र सिंह चन्देल,

श्री शरद त्रिपाठी,

श्री भैरों प्रसाद मिश्र एवं

श्री चन्द्र प्रकाश जोशी को श्री धर्मवीर द्वारा उठाए गए विषय के साथ संबद्ध करने की अनुमति प्रदान की जाती है।